आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 23.11.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने बड़ी जीत दर्ज की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– ये जीत सरकार के अभूतपूर्व विकास कार्यों की जीत है।
- महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन की शानदार जीत। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए की जीत को विकास और सुशासन की जीत बताया।
- प्रदेश में 28 जनवरी से होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर, खेल मंत्री ने कैप्टन हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण किया।
- प्रधानमंत्री कल आकाशवाणी पर ''मन की बात'' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे।

केदारनाथ उपचुनाव

रुद्रप्रयाग जिले की केदारनाथ विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने बड़ी जीत दर्ज की है। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार मनोज रावत को 5 हजार 623 मतों से पराजित किया। निर्वाचन आयोग द्वारा विजयी घोषित किए जाने के बाद भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने केदारनाथ विधानसभा के मतदाताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार जताया है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल की जीत पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया एक्स पर मुख्यमंत्री ने लिखा कि उन्हें विश्वास है कि श्रीमती नौटियाल के प्रतिनिधित्व में केदारनाथ विधानसभा निरंतर विकास के नए आयाम छुएगी। पत्रकारों से बातचीत में श्री धामी ने कहा कि ये जीत सरकार के विकास कार्यों की जीत है। उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव में एनडीए की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा कार्यकर्ताओं को भी बधाई दी।

केदारनाथ सीट पर जीत के बाद प्रदेश भर में भाजपा जीत का जश्न मना रही है। इस बीच, देहरादून में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में भाजपा ने भव्य रोड़ शो किया। वहीं, केदारनाथ में भाजपा कार्यकर्ताओं ने अबीर–गुलाल उड़ाते हुए ढोल–नगाड़ों के साथ विजय जुलूस निकाला।

## केदारनाथ उपचुनाव

श्रीमती नौटियाल केदारनाथ विधानसभा से तीसरी बार विधायक निर्वाचित हुई हैं। इस उप चुनाव में भाजपा को 23 हजार 814 मत प्राप्त हुए। वहीं, कांग्रेस को 18 हजार 192 मत मिले। निर्दलीय त्रिभुवन चौहान 9 हजार 311 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। जिला निर्वाचन अधिकारी डा. सौरभ गहरवार ने बताया कि मतगणना पूरी तरह से शांतिपूर्ण रही। उन्होंने बताया कि कुल मतों में 53 हजार 513 ईवीएम और 1 हजार 190 मत डाकपत्र से प्राप्त हुए थे। गौरतलब है कि इस वर्ष जुलाई में विधायक शैलारानी रावत के निधन के बाद केदारनाथ विधानसभ में उप चुनाव हुआ था।

## महाराष्ट्र–झारखंड चुनाव

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एनडीए के नेतृत्व वाले महायुति गठबंधन और झारखंड विधानसभा में इंडी एलायंस ने जीत दर्ज की है।

महाराष्ट्र की 288 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभर रही है। भाजपा 130 सीटों पर और शिवसेना 52 सीटों पर आगे चल रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र में एनडीए को ऐतिहासिक जनादेश देने के लिए महाराष्ट्र के मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने एनडीए की जीत को विकास और सुशासन की जीत बताया है।

श्री मोदी ने झारखंड के लोगों को भाजपा के प्रति समर्थन के लिए धन्यवाद देते हुए कहा, पार्टी हमेशा लोगों के मुद्दों को उठाने और राज्य के लिए काम करने में सबसे आगे रहेगी।

## 55वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

55वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में क्रिएटिव माइंड्स ऑफ टुमॉरो–सीएमओटी प्रतियोगिता का समापन भारी उत्साह के साथ हुआ। 5 टीमों में बंटे 100 प्रतिभागियों को 48 घंटे में एक लघु फिल्म बनाने का काम सौंपा गया था। इस वर्ष के सीएमओटी प्रतियोगिता का विषय था प्रौद्योगिकी के युग में संबंध।

खेल मंत्री

प्रदेश में 28 जनवरी से होने वाले 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैयारियां जोरों पर हैं। इसके लिए खेल मंत्री रेखा आर्या राज्य में विभिन्न स्थानों पर बनाए गए खेल मैदानों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दे रही हैं। इसी सिलसिले में आज श्रीमती आर्या ने पिथौरागढ़ जिले के लेलू स्थित कैप्टन हरि सिंह थापा स्पोर्ट्स कॉलेज का निरीक्षण किया और शेष निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के दौरान पिथौरागढ़ में बॉक्सिंग खेलों के आयोजन पर विचार किया जा रहा है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर ''मन की बात'' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा।

नई चेतना–पहल

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी के रंग भवन में नई चेतना–पहल बदलाव की के तीसरे संस्करण का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी शामिल होंगी।

नई चेतना एक राष्ट्रीय अभियान है जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर पहल के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और सूचित कार्रवाई करना है। यह अभियान 23 दिसंबर तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलेगा।

निकाय चुनाव

प्रदेश में नगर निकाय चुनाव को लेकर जिला प्रशासन स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी कड़ी में चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने नगर निकाय चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए रिटर्निंग अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए हैं। जिले में 04 नगर पालिका परिषद और 06 नगर पंचायतों के चुनाव होने हैं।

सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट

हरिद्वार जिले के खानपुर में सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना के प्रयास जारी। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने जिले में नवीनतम एआई आधारित तकनीकों से युक्त सिंघाड़ा प्रोसेसिंग यूनिट्स और मसाला ग्राइंडिंग यूनिट्स की स्थापना के लिए चोयल इनोवेटिव ग्राइंडिंग सॉल्यूशंस राजस्थान की टीम के साथ एक बैठक की। बैठक का उद्देश्य प्रोसेसिंग यूनिट के लिए विस्तृत जानकारी प्राप्त करना था।

संस्कृत प्रतियोगिता

हरिद्वार के भूपतवाला स्थित एक आश्रम में राज्य स्तरीय संस्कृत के छात्रों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आए लगभग 35 हजार छात्रों ने प्रतिभाग़ किया। प्रतियोगिता में नाट्य, समूह गान, नृत्य नाटिकाएं और वाद विवाद प्रतियोगिता सहित संस्कृत के भाषण व श्लोक का उच्चारण किया गया। उत्तराखंड संस्कृत अकादमी के सचिव डॉक्टर वाजर्स्वा आर्य ने बताया कि प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य संस्कृत का प्रचार करना और युवाओं में संस्कृत के प्रति रूझान पैदा करना है।

राष्ट्रपति आशियाना

राजधानी देहरादून के राजपुर रोड स्थित ऐतिहासिक राष्ट्रपति आशियाना आगामी अप्रैल माह से आम लोगों के लिए खुल जाएगा। इस संबंध में राष्ट्रपति सचिवालय के अपर सचिव डॉ. राकेश गुप्ता ने देहरादून में राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें लोगों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान लोगों को राष्ट्रपति आशियाना के साथ ही भारतीय सेना की 251 साल पुरानी रेजिमेंट पीबीजी के इतिहास और इसके 186 साल पुराने अस्तबल से रूबरू होने का भी मौका मिलेगा। गौरतलब है कि 186 साल पुराना राष्ट्रपति आशियाना 21 एकड़ क्षेत्रफल में फैला है।

ताइक्वांडो

नैनीताल जिले में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में चमोली जिले की हिफजा नूर ने स्वर्ण पदक जीता। जबकि दिशांत, अनुराग और जय कृष्ण कांस्य पदक जीतने में सफल रहे। स्वर्ण पदक विजेताओं को 28 से 30 नवंबर तक हरियाणा के पंचकूला में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिला है। गौरतलब है कि 14 और 15 नवंबर को हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में चमोली के 8 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था।